भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 638

07 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए

कच्चे एवं परिष्कृत इस्पात का उत्पादन

638. श्री बृजलाल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान कच्चे एवं परिष्कृत इस्पात का कितना उत्पादन हुआ है;

(ख) क्या इन वर्षों के दौरान इस्पात के आयात और निर्यात में कोई वृद्धि दर्ज की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): विगत तीन वर्षों के दौरान उत्पादित (अनुमानित) कुल तैयार इस्पात के मूल्य के साथ क्रूड इस्पात, कुल तैयार इस्पात के उत्पादन की मात्रा का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

वर्ष	इस्पात का उत्पादन (एमटी में)		उत्पादित कुल तैयार इस्पात का मूल्य* (करोड़ रु. में)
	कच्चा इस्पात	कुल तैयार इस्पात	
2018-19	110.92	101.29	5,63,373
2019-20	109.14	102.62	5,00,010
2020-21	103.54	96.20	5,09,680
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी=मिलियन टन; * जेपीसी के पास उपलब्ध आंकडों के आधार पर परिकलन			

(ख) और (ग): विगत तीन वर्षों के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन की प्रतिशतता के साथ कुल तैयार इस्पात के समग्र आयात और निर्यात के आंकड़े नीचे दिए गए हैं:

वर्ष	**कुल तैयार इस्पात**			
	आयात		**निर्यात**	
	मात्रा (एमटी में)	**आयात में परिवर्तन की प्रतिशतता**	**मात्रा (एमटी में)**	**निर्यात में परिवर्तन की प्रतिशतता**
2017-18	7.48	-	9.62	-
2018-19	7.84	4.7	6.36	-33.9
2019-20	6.77	-13.6	8.36	31.4
2020-21	4.75	-29.8	10.78	29.1
स्रोत: जेपीसी				

****